CIN : U29297UP2020PTC139505

# Unnat Krishi Evam Herbal Techno-Solutions Pvt. Ltd.

## Innovative Farm Mechanization Technology



विकसित भारत के लिए
एग्रीटेक-स्टार्ट अप कम्पनी की एक पहल

Transforming Agriculture through Farm Mechanization Technology for Creating Better Lives by Making Agriculture and Allied-Science Easy, Exclusive and Remunerative

# कृषि उद्यमिता
## एवं तकनीकि ज्ञान से
# समृद्ध किसान

☞ Budget-Friendly, User-Friendly & Input Cost-Effective....

The
Grass Root Innovations in Farm Machinery/Agricultural Machinery and Agricultural Equipments.

☞ Regarding Field Crops, Horticulture Crops, Medicinal & Aeromatic Crops and Dairy Farming for their Pre-harvest activities, Harvesting activities and Primary Processing activities.

☞ THE
SOME GRASS ROOT INNOVATIONS :
Regarding Home/Domestic use for General Public/People.



# SHATAVARI PEELING & WASHING MACHINE

## (For Both Indian White & Yellow Nepali)





Yellow Shatavri Peeled Product



White Shatavri Peeled Product

औषधीय फसलों में शतावरी अधिक लाभ देने वाली एक फसल है, लेकिन इस फसल की मैनुअल प्राईमरी प्रोसेसिंग में बहुत अधिक लेबर और बहुत अधिक खर्च होता है। क्योंकि अभी तक इसकी मेकेनिकल प्रोसेसिंग करने के लिए कोई भी मशीन उपलब्ध नहीं थी।

पहली बार हमारी कम्पनी ने इस मशीन का अविष्कार (Innovation) किया है। यह मशीन 3HP, सिंगल फेज की इलेक्ट्रिक मोटर से ऑपरेट होती है, इसके लिए किसान भाई को कोई बिजली का अलग से कॉमर्शियल कनेक्शन लेने की भी आवश्यकता नहीं होती है। यह मशीन सफेद शतावरी एवं पीली नेपाली शतावरी दोनों की धुलाई और छिलाई दोनों स्टेप एक साथ पूरा करती चलती है। यह मशीन 100% छिलाई एवं धुलाई करती है। एक घंटे में यह मशीन 70 से 75 किग्रा० शतावर की छिलाई एवं धुलाई कर देती है। इस तकनीकि को Batch Peeling Technology कहते हैं।

**Cost Benefit Ratio :**

जहाँ एक एकड़ की फसल के उत्पादन का मैनुअल प्रोसेसिंग करने का खर्च लगभग एक से सवा लाख का आता है, वहीं इस मशीन की सहायता से वही कार्य 5000 रु0 में सम्पन्न हो जाता है और समय की भी अत्यधिक बचत होती है। और छिला भी हुआ प्रोडक्ट भी अच्छी गुणवत्ता का प्राप्त होता है।

# SAFED MUSLI PEELING & WASHING MACHINE





Safed Musli Unpeeled Product



Peeled Product



Dried Product


औषधीय फसलों में सफेद मूसली Highly Income Return Crop होती है। यह फसल छः से सात महीने में किसान को 3.5 से 4 लाख रु0 प्रति एकड़ की आय प्रदान कर सकती है लेकिन किसान इसकी खेती करने से इसलिए कतराते हैं क्योंकि उनके पास में इस फसल की प्राईमरी प्रोसेसिंग करने के लिए कोई परफैक्ट मशीन नहीं है।

पहली बार हमारी कम्पनी ने सफेद मूसली की छिलाई एवं धुलाई करने के लिए एक बहुत ही उपयोगी मशीन बनाई है। यह मशीन एक एकड़ की फसल के उत्पादन की छिलाई एवं धुलाई दो दिन में कर देती है और कोई Peeling Loss भी नहीं करती है। यह मशीन 3HP सिंगल फेस के मोटर से ऑपरेट होती है। इसका Peeling Drum Stainless Steel (SS) का बनाया गया है, जो 20–30 साल भी खराब होने वाला नहीं है।

**Cost Benefit Ratio :**

जहाँ एक एकड़ सफेद मूसली की फसल के उत्पादन की हाथ से छिलाई एवं धुलाई करने में लगभग 80 से 90 हजार रु0 का खर्च होता है, वहीं यह मशीन उसी काम को लगभग 2000 रु0 में कर देती है और बहुत अधिक समय एवं श्रम की बचत होती है।

# MULTI ROOT VEGETABLES WASHING MACHINE











हमारे देश भारतवर्ष में बहुत बड़े स्तर पर किसान भाई जड़ों वाली फसलों की खेती करते हैं। जड़ों को जमीन से उखाड़ने के बाद उनकी हाथ से धुलाई करना एक बहुत बड़ा Issue होता है, जिसमें बहुत अधिक श्रम, समय और लेबर लगती है। पहली बार हमारी कम्पनी ने उन जड़ों की Mechanical Washing करने के लिए इस मशीन का अविष्कार किया है। इस मशीन का वाशिंग ड्रम जो SS का बना होता है उसके अन्दर का वाशिंग मैकेनिज्म इस तरीके से Innovate किया है जो जड़ों के ऊपर लगी हुई मिट्टी एवं रेशों को बहुत अच्छे से साफ करती है और उसके ऊपर के छिलके को कोई नुकसान भी नहीं पहुंचाती है।

**Technical Description :**

यह मशीन गियर बॉक्स और विदआउट गियर बॉक्स दो मॉडलों में आती है। जो मशीन गियर बॉक्स के साथ आती है वह 3HP सिंगल फेस की मोटर से ऑपरेट होती है। दूसरा मॉडल जो बिना गियर बॉक्स के साथ आती है वह 5HP की मोटर से ऑपरेट होती है।

**Cost Benefit Ratio :**

जहाँ किसान भाईयों को जड़ों वाली फसलों की धुलाई एवं सफाई करने में बहुत सारा श्रम, समय और धन लगाना पड़ता है वहीं इस धुलाई मशीन की मदद से 98% श्रम, समय और धन की बचत हो जाती है।

# TURMERIC & GINGER PROCESSING MACHINE





**Peeled Turmeric**



**Turmeric Powder**
(with 6% Curkumine)



**Peeled Ginger**

भारतवर्ष और भारत से बाहर के कई देशों में हल्दी एवं अदरक की खेती बहुत बड़े पैमाने पर की जाती है। अभी तक जो हल्दी की प्राईमारी प्रोसेसिंग किसान भाई करते आ रहे हैं वह बहुत अधिक Time Consuming, Labour Intensive & Very Expansive होती है। पहली बार हमारे द्वारा हल्दी एवं अदरक की प्राईमारी प्रोसेसिंग करने के लिए जो Turmeric & Ginger Peeling & Washing Machine नवाचार (Innovate) की गयी है इससे किसान भाईयों को बहुत बड़ा लाभ पहुंचने वाला है।


## Technical Description :

यह मशीन 3HP सिंगल फेस की मोटर से ऑपरेट होती है। जो एक गियर बॉक्स के साथ में कनेक्टिड होती है। इसका Peeling & Washing Drum 8 फीट लम्बा और 4.5 डायमीटर स्टेनलेस स्टील का बना होता है। ड्रम के अन्दर पीलिंग पार्ट् इस हिसाब से डिजाइन किया गया है जो हल्दी एवं अदरक दोनों की 100% छिलाई एवं धुलाई करता है और कोई Peeling Loss भी नहीं होता है। यह मशीन एक दिन में 30 से 35 कुंतल हल्दी एवं अदरक की छिलाई व धुलाई कर देती है।

## Cost Benefit Ratio :

अब तक किसान भाई हल्दी की प्रोसेसिंग जिस विधि से करते हैं उस विधि में अमूल–चूल परिवर्तन किया गया है क्योंकि उस विधि से प्रोसेसिंग करने में किसान को बहुत अधिक श्रम, समय और खर्च करना पड़ता है, वहीं हमारे द्वारा विकसित की गयी विधि (Technique) एवं तकनीकी (Technology) से एक एकड़ हल्दी अथवा अदरक के उत्पादन की प्राईमरी प्रोसेसिंग करने में किसान 90% श्रम, समय और पैसा बचा सकता है। दूसरा बड़ा लाभ इस मशीन से प्रोसेस करने का जो होता है वह कि हमें हल्दी में Curcumin की मात्रा 6 प्रतिशत मिलती है जहां अभी तक किसान 3 प्रतिशत से अधिक नहीं ले पाते हैं।

# SHATAVARI FINGERS CUTTING MACHINE





Harvested White Shatavari



Harvested Yellow Nepali Shatavari



Shatavari Is Being Separated from the Bunch of Shatavari

शतावरी की खुदाई करने के बाद उसकी जड़ों को उसके बंच से अलग करना एक बहुत मुश्किल भरा थकाने वाला और बोरिंग जॉब होता है। अभी तक शतावरी की फिन्गर्स को उसके बंच से अलग करने के लिए कोई पावर ऑपरेटिड मशीन उपलब्ध नहीं थी। पहली बार हमारी कम्पनी ने इस मशीन को Innovate किया है जो .5 HP सिंगल फेस की मोटर से ऑपरेट होती है। मशीन न केवल शतावर की फिंगर्स को अलग करने के काम आती है बल्कि और बहुत सारे कार्यों में प्रयोग की जा सकती है। जैसे प्याज एवं लहसुन के डंठल को उसके Tuber से अलग करना, अकरकरा एवं अश्वगंधा के पौधे को उसकी जड़ों से अलग करना, गाजर, आलू एवं चकुन्दर के पौधे को उसकी जड़ से अलग करना।

## Cost Benefit Ratio :

यह एक मशीन 12 मजदूरों के बराबर काम करती है, जिससे समय, श्रम एवं पैसों की बचत होती है और हमारी लेबर के ऊपर कोई निर्भरता भी नहीं रहती है। क्योंकि एक मजदूर इस मशीन से एक दिन में अगर 8 घंटे काम करता है तो उसे कोई शारीरिक थकान नहीं होती है और 12 मजदूरों की मजदूरी बचा देता है।

# SOLAR POWERED MULTI CROP WEEDER



हमारे देश में 40 से अधिक फसलों की बुवाई लाईनों में की जाती है, जिनमें सबसे बीच की दूरी अलग–अलग होती है। वैसे तो निराई–गुड़ाई के लिए बहुत सारी डीजल या पेट्रोल से चलने वाले निराई–गुड़ाई की मशीन बाजार में उपलब्ध है , लेकिन दिन–प्रतिदिन बढ़ते फ्यूल की कीमत से उनसे निराई–गुड़ाई करना मंहगा होता जा रहा है। ये सोलर पावर वीडर फसलों में निराई–गुड़ाई के अलावा डोली के ऊपर मिट्टी चढ़ाने का काम भी करता है। इसके Adjusting Weeding Blade सभी फसलों की निराई–गुड़ाई करने के लिए उपयुक्त है, चाहे उनके बीच की दूरी कितनी भी कम या अधिक हो।

## Technical Description :

इस सोलर पावर वीडर में 12 वॉल्ट 250 वॉट गियर हेडिड डी.सी. मोटर को 12 वॉल्ट 160 एम्पियर की सील्ड मेंटीनेंस फ्री ( SNF ) बैटरी से ऑपरेट किया जाता है। बैटरी को चार्ज करने के लिए 12 वॉल्ट 100 वॉट का सोलर पैनल कनेक्ट किया गया है। जिससे ये Free of Cost निराई–गुड़ाई करता है।

## Cost Benefit Ratio :

जहाँ एक एकड़ की निराई–गुड़ाई मैनुअल या पावर वीडर से करने पर काफी खर्च आता है वहीं सोलर पावर वीडर से इन दोनों की तुलना में कोई खर्च नहीं आता। अत: किसान भाई जितनी बार भी चाहें वह अपनी फसलों की निराई–गुडाई बिना किसी खर्च के कर सकता है।

# ADVANCED TECHNOLOGY D.C. POWERED MULTI CROP WEEDER







WEEDING ATTACHMENT



RIDGE & FURROW ATTACHMENT



BACK ROTARY TILLER ATTACHMENT

यह डी0सी0 पावर मल्टीक्रॉप वीडर व्हील हब मोटर को मोडिफाई करके बनाया गया है, जो Three Speed Mode के साथ में आता है। यह मोटर बहुत अधिक पावरफुल होता है जो भारतवर्ष की हर तरह की मिट्टी में चलाने के लिए उपयुक्त है। इस व्हीलहब मोटर की सबसे बड़ी विशेषता यह होती है कि यह Almost Maintenance Free होता है, जो एक बार खरीदने के बाद किसान भाईयों को सालों साल खर्च करने की जरूरत नहीं होती। इस वीडर की विशेषताएं निम्नवत हैं –

**Specialities :**


(1) 100% Eco Friendly, (2) User Friendly, (3) Light in Weight, (4) Compact in Size, (5) Pollution Free (No Sound & Smoke Pollution), (6) No Handle Vibration Like Other Power Weeder, (7) Maintenance Free.

**Features :**

(1) Handle adjusting, (2) Maintenance Free Wheel, (3) Long Lasting Lethium Ion Battery, (4) Shine wave Controller with Smart Features, (5) Left Hand Side Break, (6) Right Hand Side Accelerator with Three Speed Mode, (7) Adjusting Weeding Blade according to Requirement, (8) Depth Adjusting Wheel, (9) Moving 360$^0$ Revolving Wheel to Carry from 1 place to another place.

# ANOTHER LEVEL D.C. POWERED MULTI CROP WEEDER CUM CULTIVATOR





WEEDS CUTTING & UPROOTED BLADE ATTACHMENT (ADJUSTABLE FROM 8 INCHES TO 16 INCHES)



RIDGE & FURROW ATTACHMENT



WEEDING CUM CULTIVATING ATTACHMENT

यह डी.सी. पॉवर वीडर वीडिंग के साथ–साथ Tillering के काम भी आता है। इसके ब्लेड की लम्बाई व चौड़ाई इस point of view से डिजाइन की गयी है कि वे वीडिंग के साथ–साथ Tillering का भी काम करें। इसमें BLDC Mid drive DC Power Motor Gear Drive के साथ में लगाई गई है। इसलिए इसकी लोडिंग क्षमता बहुत अधिक है। यह किसी भी प्रकार की भूमि में काम करते समय लोड नहीं मानता है। अत: किसान भाई इस टेक्नोलोजी का भरपूर फायदा ले सकते हैं। इस वीडर की विशेषताएं निम्नवत हैं –

**Specialities :**

(1) 100% Eco Friendly, (2) User Friendly, (3) Light in Weight, (4) Compact in Size, (5) Pollution Free (No Sound & Smoke Pollution), (6) No Handle Vibration Like Other Power Weeder, (7) Maintenance Free.

**Features :**

(1) Handle adjusting, (2) Maintenance Free Wheel, (3) Long Lasting Lethium Ion Battery, (4) Shine wave Controller with Smart Features, (5) Left Hand Side Break, (6) Right Hand Side Accelerator with Three Speed Mode, (7) Adjusting Weeding Blade according to Requirement, (8) Depth Adjusting Wheel, (9) Moving 360$^{0}$ Revolving Wheel to Carry from 1 place to another place.

# MULTI ROOTS & TUBERS DIGGING MACHINE

## (Tractor Mounted)





Safed Musli



Turmeric



Ginger



Garlic



Akarkara Roots



Ashwagandha



Potato



Carrot



Onion

वैसे तो बाजार में बहुत तरह की खुदाई की मशीन उपलब्ध हैं लेकिन वे मशीनें किसी एक particular Crop की जड़ों को खोदने के लिए डिजाइन की गयी है। या तो वो डोली या फिर Raised Bed से खुदाई करती है। लेकिन यह जो खुदाई की मशीन हमारी कम्पनी के द्वारा Innovate की गयी है यह हर तरह की जड़ों वाली फसलों को चाहे वो डोली के ऊपर या फिर Raised Bed के ऊपर उगाई गई हो, खोदने के लिए उपयुक्त होती है। बहुत सारे किसान भाई एक साथ अलग तरह की जड़ों वाली फसलों की खेती करते हैं जिनकी एक एकड़ की मैनुअल खुदाई करने में बहुत अधिक लेबर और समय लगता है। इस खुदाई मशीन की मदद से करीब–करीब हर प्रकार की जड़ों वाली फसलों की खुदाई की जा सकती है। यह मशीन कम से कम 25 हॉर्सपावर के ट्रेक्टर से ऑपरेट हो जाती है।

### Technical Description & Cost Benefit Ratio than Manual Digging :

यह मशीन Cast Iron & Heavy Metal से Manufactured की गयी है। इसके Digging Blade, Adjusting होते हैं, जो According to Digging Area Adjust किये जा सकते हैं। यह सवा से डेढ़ फीट तक की गहराई तक की जड़ों को बिना नुकसान पहुंचाये निकालने में सक्षम है।

जहाँ एक एकड़ फसल की मैनुअल Digging में 15 से 18 हजार रु० का खर्च आता है वहीं इस Digging Machine की मदद से मुश्किल से 1 हजार रु० का खर्च आता है।

# HIGH TECH MOBILE STEAM BOILER AND DRYER

Used for Boiling Yellow Nepali Satavar, Turmeric & Many Other's Herbal & Non Herbal Products



औषधीय फसलों में बहुत सारी फसलों को उबालना पड़ता है, उसके बाद ही Finish Product तैयार होता है। कुछ किसान भाई पानी में उबाल करके उन फसलों की क्वालिटी खराब कर देते हैं। जिससे उनका Finish Product की क्वालिटी एवं फिनिशिंग खराब हो जाती है। जिससे उसका मार्किट रेट काफी नीचा हो जाता है।

यह हाईटेक स्टीम बॉलयर Medicinal & Non-Medicianl दोनों प्रकार की फसलों के उत्पाद को उबालने के लिए उपयुक्त है। इस बॉयलर में स्टीम जनरेट करने के लिए दो हाईटेक सिस्टम लगाए गए हैं और इसको एक ट्राली के ऊपर सेट किया गया है जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर के किसान भाई अपने प्रोडक्ट को उबाल सकता है। इसी के साथ Six Racks वाला एक ड्रायर सेट किया गया है, जो मौसम खराब होने की दशा में आवश्यकता पड़ने पर उबले हुए प्रोडक्ट को सुखाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

# MULTI SEEDLING MANUAL PLANTER





Shatavari Seedling



Brinjal Seedling



Tomato Seedling



Cauliflower Seedling



Chilli Seedling



Onion Seedling



Lady Finger Seedling

भारतवर्ष में बहुत सारी फसलें ऐसी हैं जो पौध से तैयार होती हैं। खुरपी या किसी अन्य यन्त्र की सहायता से पौध लगाने में अत्यधिक समय और श्रम लगता है। पौध लगाने का यह Planter जो Pure SS का बना होता है, हर तरह की पौध को बहुत अधिक वैज्ञानिक तरीके से लगाता है। इसके द्वारा लगायी गयी पौध का 100% Servival Rate होता है। जहाँ एक एकड़ की पौध लगाने में 10 से 15 मजदूर लगते हैं वहीं इस सीडलिंग प्लान्टर की मदद से दो आदमी बिना थकान महसूस किए, एक एकड़ की पौध लगा देते हैं। इसको महिला या पुरुष दोनों आसानी से ऑपरेट कर लेते हैं। क्योंकि यह वजन में बहुत हल्का और साइज में बहुत कॉम्पैक्ट होता है। इसे प्रयोग करते समय झुकना नहीं पड़ता, जिससे कमर में दर्द होने की शिकायत भी नहीं होती। एक दिन में एक आदमी इस प्लान्टर की मदद से 4500 से 5000 पौधे किसी भी फसल की पौध के लगा लेता है।

# RAISED BED MAKER

## (For Shatavari, Safed Musli, Turmeric, Ginger)



यह **Raised Bed Maker** बहुत सारी जड़ों वाली एवं कन्द वर्गीय फसलों के लिए **Raised Bed** बनाने के काम में आता है। जैसे – सफेद मूसली, शतावरी, हल्दी, अदरक, अकरकरा, सर्पगन्धा, अनन्त मूल, प्याज, लहसुन इत्यादि। यह **Tractor Mounded** होता है, जो 2 फीट से लेकर 3.5 फीट चौड़ाई तक का **Raised Bed** बना सकता है, क्योंकि इसमें ऐसी एडजस्टिंग डाली गयी है, जहाँ तक **Raised Bed** की ऊँचाई का सवाल है, वो भी एडजस्टेबल होती है, जिसको किसान भाई अपनी सुविधानुसार ऊँचा–नीचा कर सकते हैं। इसके पीछे **Adjustable aised Bed Plainer** की सुविधा भी दी गयी है। यह हैवी ड्यूटी होता है।

# DC POWERED MULTI CROP HARVESTER CUM LAWN MOWER







यह डी.सी. पॉवर मल्टी क्रॉप हार्वेस्टर बहुत सारी खड़ीफसलों की कटाई करने के काम में आता है। जैसे – लेमन ग्रास, पिपरमेंट (मेंथा), बकोपा, स्टीविया, नागरमोथा, धान, गेहूं, मक्का, ज्वार, बाजरा व चारे वाली फसलों में जैसे – बरसीम, नेपियर ग्रास इत्यादि। एक बार की चार्जिंग में यह 1.5 से 2 एकड़ फसल की कटाई आराम से कर देता है। इसकी बैटरी का बैकअप 6 से 7 घंटे होता है। यह कोई ध्वनि प्रदूषण या धुआं प्रदूषण भी नहीं करता है। यह चलाने में बहुत ही सुविधाजनक एवं सरल होता है, जिसको कोई भी महिला, पुरुष या 10 से 12 साल का बच्चा भी आसानी से ऑपरेट कर सकता है, क्योंकि इसका कोई भी वजन पीठ पर कंधों पर नहीं होता है। इसी के साथ दूसरा अटेचमेंट लगा कर हम अपने लॉन की घास की कटाई–छंटाई कर सकते हैं या बड़े–बड़े खरपतवारों को काट सकते हैं।

# SHATAVARI & VETIVAR (KHUS) DIGGER



पहली बार हमारी कम्पनी ने इस **Digging** मशीन का **Innovation** उन फसलों की खुदाई के लिए किया है, जिनकी जड़ें जमीन में काफी गहराई तक होती हैं, जैसे – सफेद एवं पीली शतावर की जड़ें, वेटीवर (खस) की जड़ें, सर्पगन्धा की जड़ें, नागरमोथा की जड़ें, कसावा की जड़ें इत्यादि। यह डिग्गिंग मशीन डेढ़ फीट से 2 फीट गहराई तक जड़ों की खुदाई आराम से कर देती है। यह ट्रेक्टर माउंटिड होती है और इसको बहुत हैवी ड्यूटी बनाया गया है। खुदाई की गहराई को कम या अधिक भी किया जा सकता है, क्योंकि इसमें ऐसी एडजस्टिंग डाली गयी है।

# HARVESTED ROOTS & TUBERS COLLECTING EQUIPMENT



यह Equipment खेत से Harvested Roots & Tubers को इकट्ठा करने में बहुत उपयोगी है। यह खेत से अवशिष्ठ घास–फूंस, पत्तियाँ एवं uprooted weeds को एक जगह पर इकट्ठा करने के काम में भी लिया जाता है।

यह चलाने में बहुत सरल होता है, जिसे एक छोटा बच्चा भी आसानी से चला लेता है। इससे काम जल्दी और सुविधापूर्वक सम्पन्न हो जाता है। किसी भी नर्सरी में लगी हुई पौध के बीच में चलाने के लिए भी काम में लाया जाता है। इसके अलावा भी इसके बहुत सारे अन्य उपयोग हो सकते हैं। जिनका यहां पर वर्णन करना आवश्यक नहीं है।

# MULTI ROOT & TUBERS MANUAL PLANTER





बहुत सारी कन्दवर्गीय फसलों को जब हम **Raise Bed** पर लगाते हैं तो लगाने से पहले **Raise Bed** के ऊपर कन्दों की बुवाई करने के लिए नाली बनाते हैं, तब उन नालियों में कन्दों की बुवाई करते हैं। यह ट्यूबर्स मैनुअल प्लान्टर **Raise Bed** के ऊपर नालियाँ बनाने के काम में आता है। यह वजन में बहुत हल्का होता है, चलाने में बहुत सुविधाजनक होता है, जिसे कोई बच्चा, महिला या उम्रदराज व्यक्ति भी आसानी से चला लेता है। यह कीमत में भी बहुत सस्ता होता है। एक बार खरीदने के बाद वर्षों तक साथ देता है।

# SHATAVARI PLANTS CUTTER






जैसा कि शतावर की खेती करने वाले किसान भाई जानते हैं कि जड़ों की खुदाई से पहले शतावर का पौधा काटना होता है, इसका पौधा बहुत ही हार्ड होता है और उसके ऊपर कांटे भी होते हैं। इसलिए उसको किसी दरांती (हसिया) से काटना बहुत मुश्किल भरा होता है। पहली बार हमारे द्वारा इस शतावरी प्लांट कटर को शतावर के पौधे को काटने के लिए बनाया गया है। जिससे शतावर का पौधा आसानी से कट जाता है और काटने वाले व्यक्ति को कोई असुविधा भी नहीं होती है। दरांती (हसिया) की तुलना में यह दस गुना ज्यादा शतावर के पौधे आसानी से काट देता है और काटने वाले व्यक्ति की हथेलियों में कोई छाले भी नहीं पड़ते हैं जैसा कि दरांती से काटते समय हाथों में बड़े–बड़े छाले पड़ जाते हैं। यह वजन में हल्का और कीमत में बहुत ही किफायती होता है।

# D C POWERED FLOUR KNEADING MACHINE

## ( 100 Percent User friendly and Budget friendly)





यह आटा गूंथने की मशीन 12 वोल्ट की बैटरी से ऑपरेट होती है, जो हर प्रकार का आटा गूंथने में सक्षम है। चाहे पूरी बनाने का आटा हो, चपाती बनाने का आटा हो, मल्टी ग्रेन हाटा आटा हो या फिर मिस्सी रोटी बनाने का आटा हो... सभी को बहुत अच्छे तरीके से गूंथ करके देती है।

इसके गुंथे हुए आटे की रोटी बनाना हाथ से गुंथे हुए आटे की रोटी बनाने की तुलना में अधिक सुगम एवं अधिक फुलाव के साथ आती है, जिसका स्वाद बेहतरीन होता है। बैटरी से ऑपरेट होने की वजह से कभी भी किसी भी समय आटा गूंथा जा सकता है। इसकी क्षमता 3 से 4 किलो आटे को एक साथ गूंथने की होती है, जिसमें मुश्किल से 8 से 10 मिनट का समय लगता है।

# ELECTRIC POWERED FLOUR KNEADING MACHINE


## ( 100 Percent User friendly and Budget friendly)



यह आटा गूंथने की मशीन है जो बिजली से ऑपरेट होती है, जो हर प्रकार का आटा गूंथने में सक्षम है। चाहे पूरी बनाने का आटा हो, चपाती बनाने का आटा हो, मल्टी ग्रेन हाटा आटा हो या फिर मिस्सी रोटी बनाने का आटा हो... सभी को बहुत अच्छे तरीके से गूंथ करके देती है।

इसके गुंथे हुए आटे की रोटी बनाना हाथ से गुंथे हुए आटे की रोटी बनाने की तुलना में अधिक सुगम एवं अधिक फुलाव के साथ आती है, जिसका स्वाद बेहतरीन होता है। बिजली से ऑपरेट होने की वजह से कभी भी किसी भी समय आटा गूंथा जा सकता है। इसकी क्षमता 2 से 3 किलो आटे को एक साथ गूंथने की होती है, जिसमें मुश्किल से 3 से 4 मिनट का समय लगता है।

# TOBACCO GRINDING & MIXING MACHINE



यह तम्बाकू तैयार करने की मशीन 3 HP सिंगल फेस की मोटर से ऑपरेट होती है। इसकी प्रोडक्शन क्षमता 10 कुन्तल तम्बाकू प्रतिदिन तैयार करने की है। मैनुअली 10 कुन्तल तम्बाकू तैयार करने में दस हजार रु० का खर्चा आता है, जबकि इस मशीन की मदद से 10 कुन्तल तम्बाकू तैयार करने का खर्च 700–800 रु० आता है। इस मशीन की मदद से तम्बाकू प्रोसेस करने से श्रम, समय और धन तीनों की बचत होती है।

## Cost Benefit Ratio than Manual Processing :

मैनुअल प्रोसेसिंग की तुलना में इस मशीन से प्रोसेसिंग करने में 95% कम खर्च आता है एवं समय व श्रम की बचत होती है।

# SOLAR POWERED MULTI PURPOSE MADHANI




यह सोलर पावर से चलने वाली दुग्ध मथने के अलावा और बहुत सारे कामों में इस्तेमाल की जा सकती है। जैसे – पपीता का शेक बनाना, केले का शेक बनाना, अमरूद का शेक बनाना, आम का शेक बनाना, दही से लस्सी बनाना इत्यादि। इसे ऑपरेट करने के लिए किसी इलैक्ट्रिक पावर की आवश्यकता नहीं होती है। इस मशीन को सोलर पावर से कभी भी किसी भी समय आपॅरेट किया जा सकता है। यानि इसके चलाने का खर्चा जीरो होता है। यह मैंटीनेंस फ्री, हैण्डी, ईको फ्रैंडली होती है। बर्तन की गहराई के अनुसार इसकी शाफ्ट को छोटा–बड़ा किया जा सकता है। क्योंकि इसकी शॉफ्ट एडजस्टेबल होती है।

# LIVESTOCK COMFORT BATHING BRUSH SHOWER



यह पशुओं को नहलाने का ब्रश शावर है, जो दो काम एक साथ करता हुआ चलता है। ब्रश एवं पानी का फव्वारा, दोनों एक साथ काम करते हैं, जिससे पशुओं को नहलाने में 60 प्रतिशत पानी कम लगता है और 90 प्रतिशत से अधिक साफ–सुथरे तरीके से पशुओं को नहलाता है। पशुओं को नहलाने वाले व्यक्ति के कपड़े भी गीले नहीं होते हैं। इसके अलावा इसका इस्तेमाल पशुओं के नीचे बिछाये जाने वाले मेट की सफाई करने, हर प्रकार के वाहन की धुलाई करने जैसे – ट्रेक्टर, कार, बाइक, स्कूटर, साईकिल इत्यादि। इसके अलावा इसका इस्तेमाल बाथरूम टायल्स और घर के फर्श आसानी से साफ किये जा सकते हैं। यह कीमत में बहुत कम और लम्बे समय तक चलने वाला ब्रश शावर है।

# BATTERY-CUM-SOLAR POWERED ONION & GARLIC CUTTING MACHINE

Work efficiency equal to fifteen people.









यह डी0सी0 एवं सोलर पावर से चलने वाली प्याज एवं लहसुन का ऊपर का डंठल काटने की मशीन है, जो 15 व्यक्तियों के बराबर काम करती है। इससे डंठल काटने वाले व्यक्ति को बहुत अधिक शारीरिक श्रम नहीं करना पड़ता है। जिससे उसे 6 से 7 घंटे काम करने में कोई शारीरिक थकान नहीं होती है। इसको चलाने का कोई खर्चा नहीं होता है और यह कभी खराब भी नहीं होती है। इसकी फंक्शनिंग बहुत ही आसान होती है। इससे डंठल काटने में समय एवं श्रम की 90 प्रतिशत से भी अधिक बचत होती है।

# INCREDIBLE ELECTRIC TAVI FOR HUKKA TOBACCO

## This is Environment friendly and user friendly



यह हुक्का, तम्बाकु को इग्निट (सुलगाना) के लिए बहुत ही कमाल का इनोवेशन है। हुक्का पीने वाले लोगों को हुक्के की चिलम तैयार करने के लिए किसी भी प्रकार की लकड़ी, उपले की आग की आवश्यकता नहीं होती है। यह 100 वॉट के बल्ब जितना करंट लेती है, जो इन्वर्टर पर भी आसानी के साथ में चलायी जा सकती है। आग से भरी हुई चिलम की तुलना में इसकी परफोर्मेन्स एवं समय अवधि तीन गुना होती है और इसका बहुत बड़ा लाभ गर्मियों के दिनों में पंखे के नीचे बैठकर अगर आप हुक्का गुडगुडाना चाहते हैं तो हुक्के की चिलम को ढकने की आवश्यकता नहीं होती है। यह बहुत ही मजेदार इनोवेशन है, जो अब तक हुक्का गुडगुडाने वाले लोगों ने इसका फीडबैक भेजा है, उसका यहां जिक्र करना असंभव है।

# D.C. POWERED MULTI-CROP CHILLI HARVESTING EQUIPMENT







यह बैटरी से चलने वाले मिर्च की तुड़ाई करने के साथ–साथ अन्य कई सारी फसलों की तुड़ाई करने में काम आती है। जैसे – भिण्डी की तुड़ाई, लौकी की तुड़ाई, तौरी की तुड़ाई, शिमला मिर्च की तुड़ाई, करौंदा की तुड़ाई, बैंगन की तुड़ाई इत्यादि। इसकी बैटरी एक बार की चार्जिंग में 8 से 10 घंटे का बैकअप देती है। यह मशीन 10 आदमी के बराबर तुड़ाई करती है। इसको चलाना बहुत ही सुगम और सुविधाजनक होता है। जिसे 8 से 10 वर्ष का बच्चा भी आसानी से प्रयोग कर सकता है।

# ELECTRIC FIRED HIGH TECH STEAM BOILER



यह हाईटेक स्टीम बॉयलर **Turmeric, Yellow Nepali Shatavri, Sweet Potato, & Potato** इत्यादि प्रोडक्ट को उबालने के लिए बहुत ही **Advance Features** के साथ में **Innovate** किया गया है, जो उत्पाद को 100 प्रतिशत पूर्णता के साथ में उबालता है। इसमें उत्पाद डालना और उबलने के बाद उसे बाहर निकालना बहुत ही सुगम होता है। ऊपर की विन्डो खोल कर उसमें माल डाल देते हैं। उबलने के बाद जैसे ही नीचे की विन्डो खोलते हैं तो पूरा उबला माल अपने आप बॉयलर से बाहर आ जाता है। इसको चलाना बहुत ही आसान होता है। इसमें हर प्रकार के सेफ्टी फीचर्स जैसे – सेफ्टी वॉल्व, प्रेशर घड़ी, वाटर इनलेट वॉल्व, वाटर आउट वॉल्व और पानी का लेबल बताने के लिए ग्लास वाटर गेज जैसे एडवांस उपकरण लगाये गये हैं, जो बहुत ही हेवी ड्यूटी एवं ड्यूरेबल है।

# MANUAL KUDAL









यह हाथों से चलाये जाने वाली कुदाल है जो छोटे किसानों के लिए, जो एक सक दो एकड़ में जड़ों एवं कंदों वाली फसलों की खेती करते हैं उनके लिए उपयुक्त होती है। उन्हें खुदाई करने के लिए किसी मंहगी मशीन खरीदने की आवश्यकता नहीं होती है। यह कुदाल डेढ़ से दो फीट गहराई तक के जड़ों को खोदने के लिए सक्षम होती है। यह एक बार किसान भाई खरीदने के बाद बहुत सालों तक इस्तेमाल में ला सकता है। उसे खुदाई करने औजार के लिए बार–बार खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह कमानी में प्रयोग होने वाली धातु से निर्मित की गयी है, जिसका हैण्डल शीशम की मजबूत लकड़ी से बनाया गया है, जो गहरी से गहरी जड़ों की खुदाई करते समय खराब नहीं होता है।

# MANUAL PLUCKER











यह हाथों से नींबू, करोंदा, बेर, एपल बेर एवं आम जैसे फलों को पेड़ से तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। चूंकि करोंदा, नींबू एवं बेर के पौधे में बहुत अधिक कांटे होते हैं, उनके सीधे हाथों से तुड़ाई करना दुष्कर होता है, वहां पर यह उपकरण बहुत ही आसानी से इन फलों की पेड़ से तुड़ाई करने में बहुत ही उपयोगी रहता है, जो आसानी से फलों को पेड़ से बिना किसी असुविधा के अलग करने सहायक होता है। वो किसान भाई जो इन फलों की खेती करते हैं उनके लिए यह बहुत उपयोगी होता है। इसको इस्तेमाल करना बहुत ही सुविधाजनक होता है। एक बार लेने के बाद बहुत वर्षो तक यह खराब नहीं होता है। यानि कि यह उपकरण लोंग लास्टिंग तो है ही कीमत में भी बहुत सस्ता है।

# MANUAL WEEDING MACHINE



यह हाथों से पुश करके निराई, गुड़ाई करने की मशीन है। यह उन किसान भाईयों के लिए बहुत उपयोगी है जिनके पास डेढ़ से दो एकड़ जमीन होती है और उसमें वो लाईनों में फसलें उगाते हैं। उन फसलों की निराई गुड़ाई करने के लिए किसी मंहगे वीडर खरीदने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके चलाने से निराई गुडाई के साथ–साथ किसान भाई की एक्सरसाईज भी हो जाती है। यह मैनुआल पुश वीडर **Budget-Friendly, User Friendly, Eco-Friendly and No-maintainance** होता है। इसकी कीमत इतनी कम होती है कि जिसको छोटे–से–छोटा किसान भी खरीदने में सक्षम होता है। एक बार खरीदने के बाद सालों–साल इससे निराई गुडाई एवं मिट्टी चढ़ाने का काम आसानी से लिया जा सकता है।

# WET FREE HAND MOP



स्वच्छ भारत अभियान एवं मेक–इन–इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के लिए मैंने इस मोप (पौंछा) को **Innovate** किया है। यह अपनी तरह का पहला मोप है जिसको निचोड़ने के लिए हमारे हाथ गीले नहीं होते हैं। इसके हैण्डल का साईज इतना लम्बा रखा गया है कि पौंछा लगाते समय पौंछा लगाने वाले को झुकना नहीं पड़ता है। इसके आगे का कपड़ा माइक्रो फाईबर का बना होता है जो बहुत ही सुगमता से फर्श की गंदगी को अपने में सोख लेता है और लम्बे समय तक चलता है। बाजार में उपलब्ध आम मोप की तुलना में यह कहीं ज्यादा **Convenient and Durable** होता है। इससे पौंछा लगाने में बहुत मजा आता है, चाहे महिला हो या पुरुष और समय  व पानी भी आधा लगता है।

# BODY SCRUBBER



नहाते समय हमारे हाथ शरीर के हर अंग को अच्छे से रगड़ने/मसलने में सक्षम होते हैं लेकिन पीठ पर ठीक से हाथ न पहुंचने की वजह से वहां से मसलना/रगनड़ा सुगम नहीं होता है, खासतौल पर पीठ के सैन्टर में हाथ नहीं जाते हैं। यह बॉडी स्क्रबर बहुत सुगमता से पूरी पीठ से मैल को उतारने में सक्षम होता है। यह नाईलोन के धागे से इस प्रकार से तैयार किया गया है कि न तो यह पीठ पर चुभता है और न ही मैल छोड़ता है। पकड़ने के लिए इसमें दो फाईबर के छल्ले दोनों सिरों पर लगाये गये हैं, जो पानी में भीगने के बाद भी खराब नहीं होते हैं। नहाते समय पीठ पर रगडने के बाद जब हम स्नान करके बाथरूम से बाहर होते हैं तो अलग ही फील आती है और पीठ पर खुजली भी नहीं होती है।

# SUGARCANE COMMANDO

## DC POWERED MULTIFUNCTIONAL THE COMPLETE SUGARCANE HARVESTING, SUGARCANE PLANTING & SUGARCANE LOADING TECHNOLOGY

- The Complete Mechanized Solution of Sugarcane Farming
- Ease of Doing Sugarcane Harvesting & Sugarcane Planting & Sugarcane Loading




यह गन्ना छिलाई, गन्ने की बुआई के लिए बीज तैयार करना, गन्ने की बुआई करना एवं गन्ने की लोडिंग करने की टेक्नोलॉजी है, जो हमारे द्वारा इनोवेट की गयी है। यह भारत एवं देश–दुनिया की पहली ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पूर्णत: डी.सी. एवं सोलर पावर से चलती/आपरेट होती है, जिसके चलाने का कोई अतिरिक्त खर्च नहीं होता है। यह पूरी टैक्नोलॉजी एक चार पहिया वाहन के ऊपर इंस्टॉल की गयी है। यह वाहन भी डी.सी. पावर से ऑपरेट होता है, जो गन्ना किसान के घर से खेत पर जाने एवं काम खत्म करने के बाद वापस आने का कोई खर्च नहीं होता है। इस वाहन की वजह से टैक्नोलॉजी को खेत पर ले जाने के लिए किसी अतिरिक्त ट्रेक्टर अथवा भैंसा–बुग्गी या किसी भी प्रकार के वाहन की आवश्यकता नहीं होती है।

एक बार की चार्जिंग में 5 से 6 घंटे सर्दियों में और 8 से 9 घंटे मार्च से मई तक बेकअप टाईम होता है। जिसकी प्रोडक्शन कैपिसिटी 90 से 100 कुंतल प्रतिदिन है। यह टैक्नोलॉजी पूर्णत: **Eco-Friendly, User-Friendly and 100% Operational Cost Effective** है जो प्रति हेक्टर गन्ना किसान की सवा से डेढ़ लाख रुपये की बचत करने के साथ–साथ श्रम एवं समय की भी बचत करेगी। चूंकि मैं गन्ना बाहुल्य क्षेत्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला बागपत का मूल निवासी हूँ, गन्ना किसानों के सामने आने वाली मजदूरों की समस्या से पूर्णत: वाकिफ हूँ। इसलिए मैंने इस टैक्नोलॉजी का इनोवेशन किया है, जो गन्ने की खेती और गन्ना किसानों के भविष्य को चमका करके रख देगी।

Input Cost Effective Innovative Farm Mechanization For Preharvest and Post Harvest Activities in Agricuture, Horticulture, Medicinal and Aeromatics Crops Cultivation and Their Primary Processing and Value Addition



# Unnat Krishi Evam Herbal Techno-Solutions Pvt. Ltd.


**Address :** H.No. 21/17, Patti Chaudharan Baoli Road Paschim, BARAUT - 250611, Distt. Baghpat, U.P., India

9917862313, 9720824007

Dr. D.P. Singh

dpsinghduhoon@gmail.com